भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2514
9 जुलाई, 2019 को उत्तरार्थ

विषय: मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना

2514. श्री जी॰ सेल्वमः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बतानेकी कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कृषि योग्य भूमि की मृदा की जांच के लिए तमिलनाडु सहित सभी राज्य सरकारों को सहयोग प्रदान करने के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड (एसएचसी) योजना आरंभ की है;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त जांच कतिपय अंतरालों पर की जाती है और इसके लिए क्या मापदंड है; और

(ग) राष्ट्रीय मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता (एनपीएमएसएच और एफ) परियोजना के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य सरकार को प्रदान की गई वित्तीय सहायता किस प्रकार की है और इस संबंध में किस प्रकार का कार्य किया गया है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) एवं (ख): जी, हां। सरकार ने 2 वर्ष के अंतराल पर तमिलनाडु सहित सभी राज्यों में किसानों को मृदा परीक्षण आधारित पोषण सिफारिशें करने में राज्य सरकारों को सहयोग प्रदान करने के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड (एसएचसी) योजना शुरू की है। सिंचित क्षेत्र में 2.5 हेक्टेयर के ग्रिड आकार से और गैर-सिंचित क्षेत्र में 10 हेक्टेयर से मृदा के नमूने एकत्रित किए जाते हैं। प्रत्येक मृदा नमूने की व्यापकता के लिए 12 मानकों अर्थात् प्राथमिक पोषक तत्वों (एनपीके); द्वितीयक पोषक तत्व (एस); सूक्ष्म पोषण (बी, जेडएन, एमएन, एफई एवं सीयू); और अन्य (पीएच, ईसी और ओसी) के लिए परीक्षण और विश्लेषण किया जाता है।

(ग): राष्ट्रीय मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता प्रबंधन परियोजना (एनपीएमएसएच एवं एफ) के तहत तमिलनाडु राज्य सरकार को 42.84 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। वित्तीय सहायता और किए गए कार्यों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

लो.स.अता.प्र.सं.2514

अनुबंध

राष्ट्रीय मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता प्रबंधन परियोजना के तहत तमिलनाडु सरकार को वित्तीय सहायता और किए गए कार्यों का प्रकार

I. वित्तीय निमुक्तियां

(रूपए लाख में)

क्र.सं.	**योजना**	**वर्ष**					**कुल**
		2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	
1.	मृदा स्वास्थ्य कार्ड	131.91	469.51	644.93	868.91	1286.18	3401.44
2.	मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन	185.00	305.76	60.00	0.00	332.01	882.77
	कुल	316.91	775.27	704.93	868.91	1618.19	4284.21

II. वास्तव में किया गया कार्य

क्र. सं.	घटक	लक्ष्य (संख्या)	उपलब्धि (संख्या)
मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना			
1	किसानों को वितरित किए गए मृदा स्वास्थ्य कार्ड		
	i चरण-I (2015-17)	70.00 लाख	67.67 लाख
	ii चरण-II (2017-19)	69.74 लाख	69.74 लाख
मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन योजना			
1	मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना	2	2
2	ग्राम स्तरीय प्रयोगशालाओं की स्थापना	2	2
3	जैव उर्वरक/जैविक उर्वरक गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशालाओं की स्थापना	1	1
4	जैविक ग्राम एडॉप्शन	10	10
5	मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं का सुदृढ़ीकरण	48	48
6	उर्वरक गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशालाओं का सुदृढ़ीकरण	14	14
7	जैव-उर्वरक/जैविक उर्वरक गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला का सुदृढ़ीकरण	1	1
8	जैव-उर्वरक उत्पादन इकाई की स्थापना	2	2
9	जैव-उर्वरक उत्पादन इकाई का सुदृढ़ीकरण	6	6

****